गेल (इंडिया) लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: 16 भीकाएजी कामा प्लेस, आर. के. पुरम, नई दिल्ली – 110066

{सीआईएन: L40200DL1984GOI018976}

बॉण्ड शृंखला 1 (A) के मोचन तथा ब्याज का भुगतान के साथ 9.14% बॉण्ड 2012 शृंखला – 1(B), 1(C) और 1 (D) के लिए क्रय विकल्प का प्रयोग करने के लिए रिकॉर्ड तारीख संबंधी सूचना

गेल ने 9.14% रक्षित, कर योग्य, मोचन योग्य, गैर परिवर्तनीय बॉण्ड जारी किए थे जिसके अंतर्गत बॉण्ड का अंकित मूल्य 40,00,000/- रुपये था जिनमें 4 असंयुक्ति योग्य और पृथकतः अंतरणीय विमोच्य मूल भाग (एसटीआरपीपी) 1(A),1(B),1(C) तथा 1(D) शामिल थे जिसमें प्रत्येक का अंकित मूल्य 10, 00, 000 रुपये था।

गेल ने बॉण्ड शृंखला 1(B),1(C) तथा 1(D) के संबंध में क्रय विकल्प का प्रयोग करने और साथ ही बॉण्ड शृंखला 1(A) का ब्याज के साथ नियत तारीख को सूचना ज्ञापन में उल्लेखानुसार मोचन करने का निर्णय लिया है।

यह सूचित किया जाता है कि निम्न उद्देश्यों के लिए ***सोमवार, 22 मई 2017 को रिकॉर्ड दिनांक के रूप में निर्धारित किया गया है:***

क) बॉण्ड शृंखला 1(A) का मोचन तथा उसपर ब्याज का भुगतान

ख) बॉण्ड शृंखला 1(B),1(C) और 1(D) तथा उनपर ब्याज के संबंध में क्रय विकल्प का प्रयोग

सूचना ज्ञापन/प्रकटन दस्तावेजों के अनुसार ब्याज भुगतान हेतु नियत तारीख के किसी "गैर व्यावसायिक " दिन होने पर बॉण्ड का मोचन तथा ब्याज का भुगतान अगले व्यावसायिक दिवस पर किया जाएगा। तथापि, यदि **'क्रय विकल्प'** भुगतान हेतु नियत तारीख कोई "गैर -व्यावसायिक" दिन हो तो बकाया भुगतान **मध्यवर्ती अवधि हेतु अतिरिक्त ब्याज** के साथ अगले व्यापार दिवस को किया जाएगा। चूंकि 'क्रय विकल्प' बॉण्ड का मोचन तथा ब्याज का भुगतान करने हेतु नियत तारीख 11 जून 2017 है जो कि रविवार (गैर व्यावसयिक दिवस) है अतः 'क्रय विकल्प' पर ब्याज का भुगतान तथा बॉण्डों का मोचन निम्नानुसार किया जाएगा:

आईएसआईएन कोड	प्रकार	भुगतान की नियत तारीख	भुगतान की वास्तविक तारीख	ब्याज भुगतान की अवधि
INE129A07156 (1A)	मोचन	11 जून 2017	12 जून 2017	13.06.2016 से 10.06.2017 (363 दिन)
INE129A07164 (1B)	क्रय विकल्प	11 जून 2017	12 जून 2017	13.06.2016 से 11.06.2017 (364 दिन)
INE129A07172 (1C)	क्रय विकल्प	11 जून 2017	12 जून 2017	13.06.2016 से 11.06.2017 (364 दिन)
INE129A07180 (1D)	क्रय विकल्प	11 जून 2017	12 जून 2017	13.06.2016 से 11.06.2017 (364 दिन)

इलेक्ट्रॉनिक रूप से धारित बॉण्डों के संबंध में बॉण्डों पर ब्याज के भुगतान सहित क्रय विकल्प का मोचन लाभार्थी स्वामित्व विवरणों के आधार पर किया जाएगा जो उक्त बॉण्डों के संबंध में एनएसडीएल तथा सीडीएसएल द्वारा रिकॉर्ड दिनांक को प्रस्तुत की जाएगी।

कृते गेल (इंडिया) लिमिटेड
ह/-
(ए.के. झा)
कंपनी सचिव

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक:

ई-मेल: shareholders@gail.co.in

वेबसाइट: www.gailonline.com